Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 08 जून, 2022

बॉयोटेक स्टार्टअप प्रदर्शनी-2022

प्रधानमंत्री **9 जून को नई दिल्ली के प्रगति मैदान** में **बॉयोटेक स्टार्टअप प्रदर्शनी-2022** का उद्घाटन करेंगे। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन **जैव प्रौद्योगिकी विभाग और जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान सहायता परिषद** कर रहे हैं। परिषद के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदर्शनी की थीम है- **'बॉयोटेक स्टार्टअप नवाचारः आत्मनिर्भर भारत के लिये'**। यह प्रदर्शनी उद्यमियों, निवेशकों, उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों, अनुसंधानकर्त्ताओं, बॉयोइन्क्यूबेटर, विनिर्माताओं, नियामकों और सरकारी कर्मियों को एक मंच पर लाएगी। इस प्रदर्शनी में लगभग 300 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें **स्वास्थ्य देखभाल, जेनोमिक्स, जैव-फार्मा, कृषि, औद्योगिक जैव-प्रौद्योगिकी, कचरे से संपदा, स्वच्छ ऊर्जा** जैसे विभिन्न क्षेत्रों में जैव प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग को प्रदर्शित किया जाएगा। **जैव प्रौद्योगिकी** वह तकनीक है जो विभिन्न **उत्पादों को विकसित करने या बनाने के लिये जैविक प्रणालियों, जीवित जीवों या इसके कुछ हिस्सों का उपयोग** करती है। जैव प्रौद्योगिकी के तहत **बायोफार्मास्यूटिकल्स** का औद्योगिक पैमाने पर उत्पादन करने हेतु **आनुवंशिक रूप से संशोधित रोगाणुओं, कवक, पौधों और जानवरों का उपयोग** किया जाता है। जैव प्रौद्योगिकी के **अनुप्रयोगों में रोग की चिकित्सा, निदान, आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलें, प्रसंस्कृत खाद्य, बायोरेमेडिएशन, अपशिष्ट उपचार और ऊर्जा उत्पादन** आदि शामिल हैं।

बोलाट तुर्लखानोव कप कुश्ती प्रतियोगिता

कज़ाखस्तान में **बोलाट तुर्लखानोव कप कुश्ती प्रतियोगिता** में भारत 12 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहा। इसमें कुल **छह स्वर्ण, एक रजत और पाँच कांस्य पदक** शामिल हैं। भारत के **छह स्वर्ण पदकों में से पाँच पदक महिला प्रतिभागियों ने अपने नाम किये**। **14 पदकों के साथ ईरान पदक तालिका में शीर्ष** पर रहा। **सरिता मोर ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक** जीता, जबकि **मनीषा ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में सीनियर्स में अपना पहला स्वर्ण पदक** हासिल किया। **मानसी अहलावत** ने **57 और साक्षी मलिक ने 62 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक** हासिल किये। **दिव्या काकरान** ने भी **68 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक** जीता। **पुरुष वर्ग में अमन सहरावत ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता**। वहीं **65 किलोग्राम भार वर्ग में बजरंग पुनिया** ने, **125 किलोग्राम भार वर्ग में मोहित ग्रेवाल** ने और **63 किलोग्राम भार वर्ग में नीरज ने कांस्य पदक** अपने नाम किये। **बोलाट तुर्लखानोव कप कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कज़ाखस्तान के अलमाटी में 2 से 5 जून तक किया गया**।

रोड कंस्ट्रक्शन वर्ल्ड रिकॉर्ड

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण-**NHAI** ने **रिकॉर्ड 105 घंटे 33 मिनट (लगभग 5 दिन) में 75 किलोमीटर लंबी बिटुमिनस कंक्रीट रोड** का निर्माण कर **गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड** में अपना नाम दर्ज कराया। 03 जून, 2022 से शुरू हुए इस कार्य के संपन्न होने पर केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने प्राधिकरण, इंज़ीनियरों, ठेकेदारों और मज़दूरों के दल को बधाई दी। **महाराष्ट्र के पश्चिम विदर्भ में अमरावती और अकोला के बीच NH-53 सेक्शन पर सिंगल लेन** की यह परियोजना आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत पूरी की गई। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का गठन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1988 के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, अनुरक्षण और प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए किया गया था **गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड** का आरंभ वर्ष 1958 में हुआ था. यह विश्व रिकॉर्ड वर्ष 1998 तक **'द गिनीज़ बुक ऑफ रिकॉर्ड'** के नाम से जाना जाता था और इसके बाद इसका नाम **'द गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड'** हो गया। यह एक तरह की रिकॉर्ड बुक है, जिसे प्रतिवर्ष पुनः संपादित किया जाता है और नए-नए वर्ल्ड रिकॉर्ड इसमें शामिल किये जाते हैं। इसके अंतर्गत मनुष्य द्वारा बनाया गया रिकॉर्ड और विभिन्न प्राकृतिक रिकॉर्ड को शामिल किया जाता है। यह बुक खुद भी एक विश्व रिकॉर्ड बन चुकी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-08-june-2022